**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Regarding procurement of castrol crop at remunerative price in Gujarat.

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा):** किसान हित लक्षी माननीय मोदी सरकार ने किसानों की आय 2022 तक दोगुनी करने के लिए कई सारी कृषि-किसान कल्याण नीतियां बनाई हैं। जब फसल का सीजन आता है तब भारी मात्रा में उत्पादन होने के कारण मार्केट/मंडी में भाव गिरने लगते हैं। इससे किसान को उत्पादन की लागत भी नहीं मिल पाती है। इसके अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण बना रहे इस बात को मद्देनजर रखते हुए केंद्र और राज्य सरकार की नियुक्त की गयी नोडल एजेंसियों द्वारा अच्छी गुणवत्ता वाली फसल को फिक्स दाम देकर किसानों से खरीद लेती है, किसानों को ठग लेती हैं।

वर्ष 2017-18 में खरीफ और रबी सीजन के डांगर, ज्वार, बाजरा, मक्का, दलहन, तिलहन, गेहूँ, चना, राई, सरसों, मूंगफली तथा गन्ने की खरीद की थी, लेकिन अरंडी (कास्टर) की फसल का समावेश नहीं किया गया है। अरंडी का सबसे ज्यादा उत्पादन उत्तर गुजरात में होता है।

मेरी मांग है कि अरंडी (कास्टर) फसल का सरकार द्वारा योग्य/फिक्स दाम देकर खरीदने की नीति बनाई जाए तथा अरंडी (कास्टर) की फसल उत्पादक किसानों के हितों की सुरक्षा की जाए।